तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 21 दिसंबर 2023



11 जिस जगह मन लगे वही सबसे सर्वोत्तम





12 केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने ...






## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए थाना प्रभारी तिर्की सम्मानित



**डौंडी।** विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य के लिए डौंडी थाना प्रभारी सुनील तिर्की को कलेक्टर कुलदीप शर्मा पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस अधिकारी को चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया है। बेहतर काम करने वाले अधिकारी का चयन कर उन्हें प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य चयनित पुलिस अधिकारियों का उत्साहवर्धन करना है।

### कलंगपुर में मड़ई व जयंती कार्यक्रम कल

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत ग्राम विकास समिति व सतनामी समाज एवं समस्त ग्रामवासी कलंगपुर के तत्वावधान में 22 दिसंबर को ग्राम में मड़ई एवं परम पूज्य संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष भाई गोविंद राम सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर सतनामी समाज के द्वारा गुरु घासीदास की शोभायात्रा एवं जैतखाम में ध्वजारोहण पश्चात पूजा अर्चना की जाएगी। अतिथियों का स्वागत सम्मान होगा। साथ ही बस स्टैंड स्थित साप्ताहिक बाजार का मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इसके उपलक्ष्य में रात्रि में अमर ज्योति छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी कुन्हारदोह मानपुर मोहला जिला अंबागढ़ चौकी की प्रस्तुति रखी गई है।

### बेलमांड में टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा 23 से

**लाटाबोड़।** नवयुवा स्टार क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी बेलमांड के तत्वावधान में 23 दिसम्बर से टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का किया जा रहा है। पांच दिवसीय यह प्रतियोगिता 27 दिसंबर तक होगी। ग्रामीण लेमन लेण्डिया ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपए, द्वितीय 5001 तथा तृतीय पुरस्कार 3001 रूपए रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए शुल्क 401 रूपए रखा गया है।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए पंजीयन जारी

**बालोद।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिले के पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकारों एवं कारीगरों को सीएससी सेंटर (ग्राहक सेवा केन्द्र) के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि पंजीयन पश्चात कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने 05 दिनों का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण एवं 500 रूपये प्रतिदिन के दर से स्टाईपेण्ड दी जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पश्चात उन्हें यंत्र एवं औजार के लिए 15,000 रूपये अनुदान सहायता राशि भी दी जाएगी। इच्छुक हितग्राहियों को पहले चरण में 1 लाख और दूसरे चरण में 02 लाख की वित्तीय सहायता 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय बढ़ई, नाव चलाने वाले, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, संगतराश, चर्मकार (मोची) जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू व पैरदान बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, तथा मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि को सम्मिलित किया गया है।

# सोशल मीडिया पर दिया विज्ञापन, पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर ठग लिए 19 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

साइबर ठग द्वारा लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक का भी सहारा ले रहे हैं। उसमें शासकीय विभागों में नौकरी लगाने के नाम से फर्जी विज्ञापन फेसबुक में जारी कर रहे हैं, जिसे देखकर पढ़े लिखे बेरोजगार युवक युवतियां ठग गिरोह के झांसे में आ रहे हैं और अपना आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। ताजा मामला जिले के ग्राम ककरेल निवासी कॉलेज की एक छात्र के साथ घटना घटित हुई है। छात्र ने कोतवाली थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और ठग गिरोह पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी युवती ने पुलिस भर्ती के लिए फेसबुक में फर्जी विज्ञापन को देखकर उसमें दिए हुए नम्बर से संपर्क किया। इस दौरान ठग ने युवती को पुलिस की नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया, लेकिन पहले रुपयों की मांग की। इस पर युवती ने ठग के झांसे में आकर ऑनलाइन एप्लिकेशन फोनपे के माध्यम से तीन अलग अलग किस्तों में 19 हजार रुपये दे दिए। उसके बाद युवती ने फिर से उस नम्बर पर कॉल की तो नम्बर बंद बताया। इस पर युवती को अपनी ठगी का अहसास होने पर तत्काल कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की।

## ककरेल निवासी छात्र हुआ ऑनलाइन ठगी का शिकार

### अभियान चलाने के बावजूद जागरूकता की कमी

साइबर अपराध को बढ़ते देख पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, उसके बाद भी लोग साइबर ठग गिरोह के झांसे में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल ऑनलाइन शॉपिंग से लेकर नौकरी के लिए और अनजान लोगों से दोस्ती कर अपना हजारों लाखों रुपये नुकसान कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान पर शिक्षित युवा वर्ग जरा भी रुचि नहीं ले रहे हैं, जिसका खामियाजा उन्हें ही भुगतना पड़ रहा है।

### शिक्षित लोग सोशल मीडिया में एक्टिव रहते हैं, फिर भी ठगी का शिकार




इन दिनों सोशल मीडिया जैसे कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और व्हाट्सएप सहित कई अलग अलग तरह के ऑनलाइन एप्लिकेशन स्मार्टफोन में चलता है जो की हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में इसे यूज किया जा सकता है। ऐसे में इन सभी एप्लिकेशन को शिक्षित लोग ही चला सकते हैं। स्मार्टफोन आने के बाद से ऑनलाइन खरीदी से लेकर देश विदेश की तमाम गतिविधियों सहित निजी व शासकीय विभागों में निकलने वाले नौकरियों की जानकारी सोशल मीडिया के इन प्लेटफॉर्म से मिल जाती है। कई शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियां फर्जी विज्ञापनों को समझने के बजाए नौकरी की सख्त जरूरत होने के दबाव के कारण वे ठग गिरोह के शिकार हो जाते हैं।

### जागरूकता अभियान को करना होगा तेज- एसडीओपी

मामले में पुलिस प्रशासन के एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी ने कहा कि सोशल मीडिया में डाले गए फजएँ विज्ञापनों पर ध्यान नहीं देना चाहिए, इसके साथ ही नया नंबर के माध्यम से कॉल करके ठग भी किया जा सकता है उससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्कूलों व कॉलेज में चल रहे जागरूकता अभियान की गति को और तेज करना पड़ेगा तभी जागरूकता आएगी।

## धान खरीदी : जिले में 122 समितियों के माध्यम से की जा रही धान की खरीदी

# राज्य शासन ने बढ़ाई खरीदी की लिमिट, अब ज्यादा किसान, अधिक मात्रा में बेच सकेंगे धान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासन ने धान खरीदी की लिमिट बढ़ा दी है। इससे अब एक दिन में पहले की तुलना में अधिक किसान अधिक मात्रा में धान की बिक्री कर सकेंगे।

जिले में किसानों की धान खरीदी नवंबर महीने से प्रारम्भ होने के बाद से लगातार खरीदी जारी है। कुल 122 समितियों के माध्यम से धान की खरीदी उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्यों में की जा रही है। प्रशासन द्वारा कुछ दिनों पहले धान खरीदी की लिमिट कम की गई थी, जो अब पुनः बढ़ा दी गइ है। इससे अब उपार्जन केंद्रों में धान का आवक बढ़ जाएगा। जिले के अधिकांश किसान धान बेचने का इंतजार कर रहे हैं। अब उन्हें धान बेचने के लिए ज्यादा इंतजार करना नहीं पड़ेगा, क्योंकि प्रशासन द्वारा धान खरीदी का लिमिट बढ़ा दी गई है। जिसके कारण अब समितियों के माध्यम से ज्यादा किसानों को धान खरीदी के लिए टोकन जारी किया जाएगा तथा उपार्जन केंद्रों मे ज्यादा धान की खरीदी की जाएगी।

### धान खरीदी का लिमिट बढ़ा

जिले के 122 समितियों के माध्यम से धान खरीदी का लिमिट पूर्व में 172667 क्विंटल कर दी गई थी, जिसे अब वर्तमान में फिर से बढ़ाकर 217730 क्विंटल कर दिया गया है। वहीं, पूर्व खरीदी की लिमिट से 45063 क्विंटल ज्यादा है। जिससे उपार्जन केंद्रों में धान की आवक बढ़ेगी और धान खरीदी का प्रतिशत भी बढ़ेगा।



### धान खरीदी का आंकड़ा

प्रशासन द्वारा वर्ष 2023–24 के तहत कुल 686588.00 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जिसके चलते अबतक कुल 2678240.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जो कुल धान खरीदी का मात्र 33.10 प्रतिशत है। वहीं, कुल परिवहन की बात की जाए तो 1637444.40 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है, जबकि समितियों मे 1040796.00 क्विंटल धान शेष है।

### ब्लॉक स्तर पर धान खरीदी का आंकड़ा

जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय में धान खरीदी की बात की जाए तो बालोद ब्लॉक में 18 समितियों के माध्यम से 19810 किसानों से कुल 336595.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जो कुल खरीदी का 36.36 प्रतिशत है। गुरुर ब्लॉक मुख्यालय में 22 खरीदी केन्द्र के माध्यम से 27040 किसानों के माध्यम से कुल 616893.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जो कुल खरीदी का 47.62 प्रतिशत है। इसी तरह डौण्डी ब्लॉक में 15 समिति के माध्यम से 16353 किसानों के माध्यम से 308898.00 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जो कुल खरीदी का 29.98 प्रतिशत है। वहीं, डौण्डीलोहारा ब्लॉक में 41 समितियों के माध्यम से 40065 किसानों से 686530.00 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जो कुल खरीदी का 29.13 प्रतिशत है। गुण्डरदेही ब्लॉक म़ेर धान खरीदी 47 समितियों के माध्यम से जारी है जिसके तहत अब तक कुल 45927 किसानों ने कुल 729323.60 क्विंटल धान बेचा है, जो कुल धान खरीदी का 29.38 प्रतिशत है। इस तरह गुरुर ब्लॉक धान खरीदी मे 47.62 प्रतिशत के साथ आगे है।

### जिले के 68 हजार किसानों ने बेचा 3 लाख 70 हजार मीट्रिक टन धान

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 194 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 67 हजार 716 किसानों द्वारा कुल 02 लाख 69 हजार 345 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 590 करोड़ 55 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 02 लाख 15 हजार 279 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 01 लाख 64 हजार 474 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 4 हजार 870 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस के लिए 4534 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 18 हजार 756 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

# शहर में यातायात व्यवस्था चरमराई, राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के हर एक गली मोहल्ले में चारपहिया वाहनों की गलत तरीके से पार्किंग करने के कारण आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

- वाहनों की बेतरतीब पार्किंग व लापरवाह चालकों पर कार्रवाई नहीं होने से बढ़ी परेशानी

कार को गलत तरीके से पार्किंग करने और मालवाहक वाहनों का भी प्रवेश करने से छोटे वाहन चालकों तथा पैदल चलने वालों को जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। व्यस्तम मार्गों पर यातायात व्यवस्था बदहाल है। इसके अलावा अन्य गली मोहल्ले में भी इसी तरह से स्थिति निर्मित हो रही है, जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। शहर में भारी भरकम तथा मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध जरूर लगाया गया है, लेकिन आज भी मालवाहक वाहन जैसे छोटा हाथी, ट्रैक्टर सहित अन्य मालवाहक वाहन शहर के भीतर व्यस्तम मार्ग में प्रवेश कर रहे हैं, जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। वहीं, यातायात पुलिस भी इन लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई करने के बजाए मूकदर्शक बनी हुई है।



## पड़ने लगी कड़ाके की ठंड, 11 डिग्री तक गिरा पारा

**बालोद।** साल 2023 के अंतिम दिनों में जिले में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। जिले में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज तक पहुंच गया है। यह रात का तापमान है, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। रात के अलावा दिन में भी ठंडी हवाएं चलने से लोग सुबह दोपहर और शाम को भी गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे हैं। आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है।

# बढ़ती चोरी की घटनाओं से नागरिकों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर से लेकर गांव तक इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद अज्ञात आरोपी आसानी से निकल भागते हैं। इसे लेकर पुलिस की रात्रि पेट्रोलिंग पर भी सवाल उठ रहे हैं, वहीं बढ़ती चोरी की घटनाओं से नागरिकों में भी रोष बढ़ता जा रहा है।

पिछले दो महीने से चोरी की वारदाते बढ़ी हैं। नगर के अनेक स्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं हो चुकी है। नगर से लगे ग्राम दानीटोला में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं घट रही है। एक ओर जहां किसान अपने फसल को काट कर मिंजाई कुटाई करने के बाद खेत खलिहान, कोठार, ब्यारा में रख सोसाइटी ले जाने का इंतजार करते है, तो वहीं इसी बीच मौके पाकर चोर धान चुरा कर ले जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ मकान निर्माण कार्य के लिए लाए गए छड़ को रात के समय चोर पार करने से नहीं चूक रहे हैं। लगातार चोरी की घटनाओं से अब लोग भी आक्रोशित होने लगे हैं।

लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते यहां वारदाते बढ़ रही है। साथ ही पुलिस गश्त के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। अगर पुलिस की सक्रियता रहती है, तो आए दिन हो रहे वारदातों को अंजाम दे रहे चोरों को आसानी से पकड़ा जा सकता है। चोरी की घटना को देखते हुए ग्राम दानीटोला में कोटवार के माध्यम से मुनादी भी कराई गई है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति, नशेड़ियों को बिना जान पहचान के घर के अंदर घुसने नहीं देना है और किसी भी अज्ञात व्यक्ति पर शक होने पर तुरंत सहायता केंद्र में सूचना देनी है। ताकि समय रहते उन पर कार्रवाई हो सके और सभी ग्रामीणों को जागरूक रहने की अपील की गई है।

# क्रीड़ा स्पर्धा में कुआगोंदी शाला रहा अव्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

विकासखण्ड डौंडी अंतर्गत ग्राम कांडे में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें संकुल अंतर्गत कुल 07 शालाओं के 500 बच्चों एवं 30 शिक्षकों ने भाग लिया। शुभारंभ के मुख्य अतिथि श्रीमती अनुसुइया उइके कुआगोंदी सरपंच, विशेष अतिथि झगनलाल यदु एवं गनपत राम रावटे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम कांडे की सरपंच श्रीमती चंद्रलेखा पायला ने किया।

- तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें माध्यमिक वर्ग में शास. पू. मा. शाला कुआगोंदी ने सर्वाधिक अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास. पू. मा. शाला कुआगोंदी के चार विधार्थी कु. हमेश्वरी, कु. फलेश्वरी, टाकेश कुमार एवं भावेश कुमार चैंपियन खिलाड़ी के रुप में पुरुस्कृत हुए।

तीसरे दिन खेल का समापन हुआ, भव्य समापन नृत्य शास. पू. मा. शाला कुआगोंदी के छात्राओं द्वारा किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्विनी चुरेन्द्र, विशेष अतिथि सतीश चंद्राकर, रोमन लाल साहू उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी थे। ग्राम कांडे के ग्रामीणों एवं समिति के सहयोग से खेल का सफल आयोजन हुआ।

## कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

# शिविरों में सामाजिक पेंशन योजना से संबंधित आवेदन भी लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में सामाजिक पेंशन योजना से संबंधित आवेदन भी लेने के निर्देश दिए हैं, ताकि जिले का कोई भी पात्र हितग्राही सामाजिक पेंशन योजना का लाभ से वंचित न हो। कलेक्टर शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि पात्र हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए बार–बार कार्यालयों का चक्कर लगाना न पड़े। इसके लिए उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इन शिविरों में ग्राम पंचायत सचिवों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

- कहा- कोई भी पात्र हितग्राही सामाजिक पेंशन से वंचित न रहे



इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने मनोरोग से ग्रसित अपने दोनों बच्चों के इलाज के लिए जनदर्शन में उनसे मुलाकात करने पहुँचे, बालोद विकासखण्ड के ग्राम सिंहतरा निवासी सीता बाई के दोनों बच्चों का समुचित ईलाज करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी को सीता बाई के घर में चिकित्सा विभाग की टीम भेजकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेकर ईलाज हेतु समुचित कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को सीता बाई के दोनों बच्चों को राजधानी रायपुर एवं अन्य स्थानों में भतएँ कर उनका समुचित इलाज कराने के निर्देश भी दिए हैं।

### नागरिकों ने दिए आवेदन

इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे आम लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के माँगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में दुपचरा निवासी अनिता बाई ने विकलांग पेंशन दिलाने, ग्राम ओड़ार निवासी रमाकांत सिन्हा ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, टेकापार निवासी खेमलाल साहू ने अपने जमीन का सीमांकन कराने, पड़कीभाट निवासी ओमकार ने बारिश में मकान क्षतिग्रस्त होने पर क्षतिपूर्ति राशि दिलाने, चंदनबिरही निवासी दुर्गेश कुमार ने राशनकार्ड बनाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा में जनदर्शन में पहुँचे लोगों ने विद्युत कनेक्शन प्रदान करने, जाति प्रमाण पत्र बनाने आदि के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित विधायक को मंडल अध्यक्षों ने दी बधाई

**दुर्ग।** बोरी भाजपा मंडल के पदाधिकारी साजा विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक ईश्वर साहू से मिलकर जीत की बधाई दी। बधाई देने वालो में मण्डल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, युवा नेता अरविंद पटेल, अजय उमरे, नीलाम्बर साहू, संजय कश्यप, विजन सेन, सूरज देशमुख, बीरबल पटेल, श्रवण देशमुख, पवन निर्मलकर, भोला पटेल सहित अनेको लोग थे।

### प्रशासन की लापरवाही से नाराजगी

**दुर्ग।** नयापारा केजू राईस के पास 25 जून को प्रकाशित खबर जहाँ कैरोसीन का टैंकर पलट गया था ठीक उसी जगह 17 दिसंबर शनिवार को गौमाता उस गड्ढे में जा गिरी और मौके पर मौत हो गई। वहीं रास्ते में एक साइकल पर सवार नवजावन उसी गड्ढे में जा गिरा । कुछ पास में खड़े लोगो की मदद से उस व्यक्ति को बाहर निकाला गया। प्रशासन की लापरवाही से उस गड्ढे को अभी तक भरा नहीं जा सका। उस गड्ढे में नल का ट्यूबवेल लगा हुआ है जिसे बनाया भी नहीं जा सका। नगर निगम बेसुध रही इस नल कनेक्शन ट्यूबवेल में सुधार भी नहीं कर सका। इस पुरे 7 महीनों से आवाजाही में लोगो को काफ़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पास वही पर पब्लिक स्कूल है जहाँ बच्चे खेलते रहते है। मोहल्ले वासियो ने कई बार पार्षद और विधयाक को इसकी सुचना दी है पर इस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया।

### देवेश छत्तीसगढ़ के गौ दूत नियुक्त

**दुर्ग।** राष्ट्र धर्म संस्कृति के अविरल विकास की जननी गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के उद्देश्य से गौ माता की रक्षा करने का महान संकल्प का अभियान प्रारम्भ है।देश के चारों पीठों के शंकराचार्य के निर्देशानुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक राज्य में गौ दूत नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में दो गौ दूत रामबालक दास जी महाराज एवं देवेश मिश्रा को नियुक्त किया गया है। विदित हो कि देवेश मिश्रा लगातार सनातन धर्म की मजबूती के लिए कार्य कर रहे हैं इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वर आनंद सरस्वती जी के द्वारा देवेश मिश्रा को छत्तीसगढ़ का गौ दूत की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।



### कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के संकार्य विभाग द्वारा कर्म शिरोमणी पुरस्कार का आयोजन इस्पात भवन सभागार में किया गया। वरिष्ठ स्टॉफ सहायक धरमवीर बंछोर, कनष्ठि स्टोर कीपर उत्तरा कुमार रावटे, वरष्ठि तकनीशियन पुरूषोत्तम, ओसीटी चमारूराम एवं हेल्थ इंसपेक्टर सरत एवं कनष्ठि स्टॉफ सहायक अंजनी कुमार द्विवेदी को मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र यादव सपकाले, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर महाप्रबंधक प्रभारी ; एनआर शेनॉय एवं महाप्रबंधक आरके भट्टाचार्जी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीएम केके यादव आदि उपस्थित थे।

### बस्तर ने 10 विकेट से जीता मैच

**भिलाई।** सीएसीएस द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग (प्लेट ग्रुप) अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन बिलासपुर में खेले गए बल्लेबाजी कोरबा की पहली पारी 259 रनों के जवाब में कोरिया जिला ने 1 विकेट पर 93 रनों से आगे खेलते हुए 199 रनों पर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाजी कोरबा दूसरी पारी 8 विकेट पर 167 रन बनाए। राजनांदगांव में खेले गए पहली पारी नारायणपुर 101 रनों पर आल आउट हो गई। बल्लेबाजी बस्तर 122 रनों पर आल आउट हो गई। बल्लेबाजी नारायणपुर दूसरी पारी 9 विकेट पर 148 रन बल्लेबाजी बस्तर दूसरी पारी 131 रन बिना कोई विकेट खोए परिणाम बस्तर ने यह मैच 10 विकेट से जीता एवं 7 अंक प्राप्त किया। तीसरा मैच न्यू ग्राउंड कांकेर में खेले गए कांकेर पहली पारी 9 विकेट पर 372 रनों से आगे खेलते हुए 374 रन पर आल आउट हो गई। दंतेवाड़ा 174 रनों पर आल आउट हो गई।

**प्रवचन : ग्राम औरी में श्रीशिव महापुराण सुनने रोजाना उमड़ रही भक्तों की भीड़**

# सुख व आनंद का आधार भौतिक पदार्थ नहीं एकाग्रता और ईश्वर की आराधना है : पंडित देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

औरी में शिव पुराण कथा की अविरल धारा प्रवाहित करते हुए कथाकार देवेंद्र पाठक ने बुधवार को पार्वती जन्म और शिव पार्वती विवाह प्रसंग पर कथा सुनाई। श्री पाठक ने कहा कि अतीत के आईने में झांक कर देखे तो रिश्तों के महत्व को समझने और रिश्तों को निभाने की सीख मिलती है। लेकिन अतीत को देखना और समझना ही नही चाहते, इसलिए रिश्ते आज तार-तार होते दिखने लगे हैं। रिश्ते मजाक बनने लगी है और देखते ही देखते जीवन मजाक बनने लगा है।

विश्वासघाती सोचता है किसी को खबर नही है लेकिन यह भूल जाता है उसकी आत्मा उसे धिक्कारती है। भोले के दरबार में सब सच सामने होता है। पाप कर्म भुगतने के लिए विश्वासघाती सिर झुकाए खड़ा रहता है। नश्वर संसार में जीवन को सार्थक बनाने के लिए सत्संग में पुण्य को समझें और पाप को गहराई को समझकर पाप की राह को त्यागें। पुण्य को प्रबल कर आत्म को परम आत्मा बनाने का सतत प्रयास करें।





### अतीत के आईने में मिठास का प्याला

पंडित जी ने कहा कि भांग खाने वाले, धतूरा खाने वाले, शमशान में रहने वाले के साथ पार्वती ने अपना जीवन प्रसन्नतापूर्वक जिया, अर्थात सुख और आनंद का आधार भौतिक पदार्थ नही है। मन की एकाग्रता और ईश्वर आराधना में है। यही पार्वती ने शिक्षा दिया जगत को की अगर संसार में वस्तु पदार्थ को महत्व दिए तो दाम्पत्य जीवन में खटास आ सकती है और अपने प्रेम को, इष्ट को, अपने पति परिवार सम्बन्धी को महत्व दिए तो जीवन मिठास से भर जाता है।

### श्रद्धा और विश्वास सर्वोपरी होना चाहिए

पंडित जी ने कहा कि जीवन हमारा श्रद्धा, विश्वास पर ही टिका हुआ है, बिना श्रद्धा और विश्वास के जीवन के समस्त सम्बन्ध निराधार हो जाता है और परिवार समाज से अलग हो जाते है। डिप्रेशन का शिकार होने लगते है, जिससे मनुष्य का पतन हो जाता है। सती के प्रसंग में दक्ष को अपनी पुत्री और शिव पर न श्रद्धा था न विश्वास था। ईश्वर को सामान्य समझने लगा, जिस वजह से जीव अर्थात दक्ष का नाश हो गया। वहीं आदि शक्ति ने पार्वती के रूप में जन्म लिया और अगाध श्रद्धा विश्वास के साथ अपने दाम्पत्य जीवन में बंधे।

### रिश्तों की पवित्रता विश्वास पर खरी होनी चाहिए

कथाकार पंडित देवेंद्र पाठक ने कहा कि पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास के उच्च मापदंड में खरा उतरना चाहिए। विश्वासघाती पति या पत्नी का जीवन बद से बदतर होता हैं। ये महापाप के संग्रहकर्ता है। इन्हें कुकर्म का बुरा फल भुगतना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अतीत में हुए पुण्य अर्जन के कारण अच्छा घर, धन, यौवन, रूप, रंग मिला, मस्ती और नासमझी में आकर विश्वासघात करने वालों को सावधान हो जाना चाहिए। पुण्य खर्च हो रहा है, पाप से महापाप की ओर निरंकुश कदम बड़ी शानो शौकत के साथ बढ़ने लगा है। हर पल जीवन में दुष्परिणाम का बादल मंडराने का खतरा करीब आने लगा है। शिव पार्वती का विवाह या मानव जीवन में किसी का भी विवाह पवित्र बंधन है जो कि श्रद्धा और विश्वास पर टिका हुवा है, इसमें का एक कड़ी भी कमजोर हुई तो मिठास के बदले खटास उतपन्न हो जाते है।

## भजापा नेताओं ने माना नवा-गरुवा, घुरवा बारी योजना सही पर क्रियान्वयन गलत











हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

भूपेश सरकार द्वारा चलाया गया नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी योजना को भाजपाइयों ने भी सही माना है। भाजपाइयों ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली योजना माना है। भाजपाइयों का मानना है कि इस योजना का क्रियान्वयन करने का तरीका गलत था। जिसके कारण यह विफल रही। शासन ग्रामीणों को इस योजना से जोड़ नहीं सका। यह पूरी तरह शासन का अंग बनकर रह गया, जिससे किसान व गौ पालक इससे दूर रहे। भाजपाइयों ने कहा यदि इस योजना का क्रियान्वयन सही तरीका से किया जाता एवं इससे किसानों व पशुपालकों को जोड़कर उन्हें आर्थिक लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जाता तो यह योजना पारंपरिक जैविक खेती के लिए व गोपालकों की आर्थिक उन्नति के साथ ग्रामीण रोजगार का मजबूत माध्यम बन सकता था। चर्चा में बहुसंख्यक भाजपाइयों ने कहा गौठान की योजना आगे भी चलनी चाहिए। लेकिन इसके क्रियान्वयन का तरीका एवं स्वरूप बदलना जरूरी है। इसे ग्रामीण व्यवस्था एवं ग्रामीण आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इसका संचालन किया जाए। भाजपाइयों ने कहा इसके लिए पृथक से फंड उपलब्ध कराया जाना चाहिए। मनरेगा के भरोसे इस योजना का संचालन संभव नहीं है। भाजपाई यह भी मानते हैं कि इसमें वर्तमान समितियों को भंग कर ग्राम पंचायत को इसका संचालन करने का अधिकार दिया जाए एवं इसके लिए राशि पृथक से जारी हो, पंचायत को ग्राम विकास के लिए मिलने वाली 15वें वित्त योजना व मूलभूत जैसे राशि का उपयोग नहीं हो।

### योजना फ्लॉप

भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा यह योजना पूरी फ्लाप है, इसे पूरी तरह बंद कर दिया जाना चाहिए। किसानों को खाद बनाने प्रशिक्षित करें, गौपालको को आर्थिक अनुदान देकर खाद बनाने प्रेरित किया जाए एवं गोपालक किसानों को घरों में गौवंश रखने के लिए आर्थिक अनुदान दिया जाए।

### गोठानों को आगे भी चलाया जाना चाहिए

भाजपा मंत्री नरेश साहू ने कहा गौठानों को आगे भी चलाया जाना चाहिए, लेकिन इसके क्रियान्वयन का स्वरूप बदलना चाहिए। ऐसे गौठान बनना चाहिए जो आम जनता, किसानों, पशुपालकों को जैविक खाद के उपयोग एवं गौवंश पालन के लिए प्रेरित कर सके । इसे समूह के माध्यम से नहीं चलाया जाना चाहिए, इसे ग्राम पंचायत के माध्यम से संचालित किया जाना चाहिए व पृथक से राशि प्रदान की जानी चाहिए।

### गोठानों के लिए नई कार्ययोजना की जरूरत

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा गौठान चलना चाहिए। पूर्व मे यदि इसका सही क्रियान्वयन किया जाए तो यह ग्राम की आर्थिक उन्नति का मजबूत आधार बन सकता था। इसके क्रियान्वयन का स्वरूप बदलना चाहिए, इसके लिए पृथक से राशि उपलब्ध कराया जाना चाहिए। मनरेगा से इसे प्रभावशाली तरीके से चलाना संभव नहीं है, गोबर से खाद ही नहीं, कई अन्य उपयोगी सामग्री बनाई जा सकती है। गौठानों को दलदल, कीचड़ से मुक्ति मिलनी चाहिए एवं इसके लिए नई कार्य योजना बनाया जाना चाहिए।

### योजना सही पर क्रियान्वयन गलत

भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री एवं पूर्व सरपंच कंवर टुकेश्वर पांडे ने कहा यह सही योजना है, लेकिन क्रियान्वयन का तारिका गलत था। इसलिए असफल हुई। इसके माध्यम से किसानो व गौपलकों को लाभ मिले एवं इसके माध्यम से जन जागरूकता लाकर जैविक खेती व रोजगार के माध्यम उत्पन्न किए जा सकते है।

### स्वरूप बदला जाए

कृषक एवं भाजपा नेता पन्नालाल साहू ने कहा यह चलना चाहिए। इसके स्वरुप को बदलना जरूरी है एवं वर्तमान समितियों को भंग किया जाना चाहिए। ग्राम की आवश्यकता व किसानो, पशुपालकों के हित को ध्यान में रखकर कार्य किया जाना चहिए। यह भूजल स्तर बढ़ाने का मजबूर तरीका भी बन सकता है।

## सवा लाख णमोकार महामंत्र जाप अनुष्ठान नेहरू नगर में शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सवा लाख णमोकार महामंत्र जाप अनुष्ठान नेहरू नगर दिगंबर जैन मंदिर में हुआ। मंदिर में 1008 से शांतिनाथ भगवान के मंगल अभिषेक भक्तों ने किया। इस अवसर पर शांति धारा का डॉ. आर दोषी को मिला। जिसमें महावीर पाटनी, मनित.जैन, क्षितिज जैन, जितेंद्र जैन, अजीत जैन आदि ने अभिषेक किया। प्रतिष्ठा आचार्य पंकज के द्वारा शांति विधान पूजन हवन मंत्र का उच्चारण गणिनी आर्यिका 105 माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में माता के आशीर्वाद से भक्तों ने किया।

दिगम्बर जैन मंदिर नेहरूनगर भिलाई में णमोकार महामंत्र जाप अनुष्ठान किए जाने के पश्चात सैकड़ों भक्तों द्वारा विश्व शांति महायज्ञ का हवन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने सुख-शांति और समृद्धि के लिए किया गया। भक्तों ने समापन पर मंगल आरती करते हुए माताजी को वंदन करने के साथ भक्ति भाव के साथ भक्ति नृत्य भी किया। अंतिम दिन णमोकार महामंत्र। रविंद्र सिंघाई, अशोक पहाड़िया, विनोद जैन, आईएम जैन, आरके जैन, पिंकू जैन, रवि कासलीवाल, आशीष जैन, एनके जैन, पवन जैन, संजीव जैन, सचिन जैन, भारत जैन संजीव जैन आदि उपस्थित थे। यह जानकारी प्रदीप जैन बाकलीवाल व क्षितिज जैन ने दी।

## संकुल स्तरीय खेल में आत्मानंद स्कूल निपानी के बच्चों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन



**लाटाबोड़।** त्रिदिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम तमोरा में किया गया। प्रतियोगिता में निपानी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने सभी खेलों में सहभागिता दर्ज कर अच्छा प्रदर्शन किया। प्राथमिक शाला कबड्डी बालक और बालिका दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्राथमिक शाला बालक ने रस्साकसी, माध्यमिक शाला ने कबड्डी में द्वितीय स्थान और संस्कृति कार्यक्रम में प्राथमिक शाला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अन्य एकल व सामूहिक खेलों में भी बच्चों ने अच्छे प्रदर्शन किए। संस्था के प्राचार्य आरएस नायक सहित सभी शिक्षकों ने इन सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### मनखे मनखे एक समान को पूर्ण करना है : गजेंद्र

**दुर्ग।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के जन्म जयंती के अवसर पर दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव सतनामी समाज के द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों से मिलकर उन्हें बाबा गुरु घासीदास की 267वीं गुरु पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही जैत खाम में पूजा अर्चना की विधायक गजेंद्र यादव अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, पोटिया कुंदरा पारा, पोटिया आबादी पारा, पुलगांव ,वार्ड क्रमांक एक पंचशील नगर , उरला बस्ती, उरला अटल आवास, कातुलबोर्ड आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## 34 प्रशिक्षुओं को मिले रोजगार के आकर्षक अवसर



**भिलाई।** अदाणी कौशल विकास केंद्र, जामुल क्षेत्र के युवाओं के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रहा हैं। एसीसी जामुल में सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत चलाए जा रहे कौशल विकास के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षुओं को उनके सफल प्रशिक्षण के बाद देशभर की कंपनियों से नौकरी की पेशकश मिलने लगी हैं।

इसी श्रृंखला में एक उल्लेखनीय उपलब्धि के तहत अदाणी कौशल विकास केंद्र के जामुल केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे 34 प्रशिक्षुओं को बेंगलुरु की दो कंपनियों से नौकरी के ऑफर मिले हैं। एएसडीसी में चलाए जा रहे रेफ्रिजरेशन और एसी रखरखाव कोर्स से 19, रिटेल सेल्स एसोसिएट प्रोग्राम से 14 और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (जीडीए) कोर्स से 1 ने प्रसिद्ध कंपनियों में आशाजनक नियुक्तियां हासिल की हैं।अदाणी कौशल विकास केंद्र जामुल के इन प्रशिक्षुओं ने बेंगलुरु में याजाकी इंडिया में 14 हजार के प्रतिस्पर्धी वेतन की पेशकश के साथ नौकरी हासिल की साथ ही जंबोटेल इंडिया, बेंगलुरु में भी, 17 हजार 102 के आकर्षक पैकेज के साथ नौकरी पाने में सफल हुए। इसके अलावा इन्हें अतिरिक्त लाभ के रूप में, आवास और फैक्ट्री परिसर में सब्सिडी वाली कैंटीन सुविधाएं भी प्राप्त होगी।

**शहर के वार्डों में लगाया गया था संकल्प शिविर**

## शिविर में 1655 ने शासन की योजनाओं का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को शहर के नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 शक्ति नगर एवं वार्ड क्रमांक 1 चंद्रशेखर स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शिविर लगाया गया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लोगो को 17 से अधिक योजनाओं से लाभांवित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप की सुविधा प्रदान की गई है। लोगो ने निःशुल्क शुगर बीपी जांच की सुविधा का लाभ लिया। साथ ही जरूरतमंदों को डॉक्टरों द्वारा निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। इस दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू, पार्षद देवनारायण चन्द्राकर, मनीष साहू, चमेली साहू, कुमारी साहू, सहायक नोडल अधिकारी दिनेश नेताम,जावेद अली, दुर्गेश गुप्ता,राजेन्द्र धबाले, विनोद मांझी, मोहित मरकाम, दिनेश देवांगन, ममता देवांगन, रितेश शर्मा, थानसिंह यादव, राजू बक्शी के साथ शिविर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शिविर में लगे योजनाओं के स्टॉल में पहुँचकर अधिकारियों से अपडेड की जानकारी ली।उन्होंने सरकार की योजनाओं को शिविर में आये लोगो बताया कि केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की कड़ी में शहर क्षेत्र वार्ड 17 व वार्ड 1 में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न योजनाओं के तहत हजारों लोगों ने शिविर का फायदा लिया। इस शिविर में पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में प्रधानमंत्री 103 स्वनिधी योजना के तहत 105 आयुष्मान कार्ड के लिए 21 आधार कार्ड के लिए 504 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 397 लोगों ने पंजीयन कराया। 35 विश्वकर्मा योजना।




### शिविर में कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण

शिविर में 69 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया। शिविर में विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत, नल-जल मिशन, पीएम आवास योजना, स्टार्टअप योजना, मुद्रा लोन योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई व लाभ लेने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई गई। शिविर में आए हितग्राहियों ने बताया कि यहां आने से उन्हें शासन की बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली है।

### लाभान्वितों ने बताई कहानी

उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन पाने वाली पिंकी यादव एवम सीमा राजपूत और वार्ड की रहने वाली राजेश्वरी साहू ने बताया कि पहले वे चूल्हे में खाना बनाती थी, जिससे निकलने वाले धुएं से उन्हे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता था। शिविर में आकर समस्त दस्तावेज जमा करने पर उन्हें तुरन्त उज्जवला गैस का कनेक्शन मिल गया। अब उन्हे खाना बनाने में आसानी होगी। अहिल्या बाई ने बताया की शिविर में आकर उन्हें उन योजनाओं के बारे में पता चला जिसका लाभ वे जरूर लेंगें।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने डिवाइडर व लेफ्ट टर्न लगेगा फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली।

इस दौरान ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन कराने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी उपाय करने कहा है। लेफ्ट टर्न फ्री लगाने और डिवाईडर लगाने का निर्देश दिए है। जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग और राजकीय सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक व्यवस्थित करने को कहा है। जरूरत के अनुरूप डिवाईडर एवं लेफ्ट टर्न फ्री लगाने अन्य अधोसंरचना कार्यो को सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दी है। एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने लोक निर्माण विभाग सेतू संभाग अंतर्गत नेहरू नगर, शिवनाथ नदी, नेवई ओवर ब्रिज में डिवाईडर का निर्माण कराए जाने और प्रकाश व्यवस्था करने को कहा है।

इसके अलावा कोसानाला सर्विस रोड का निर्माण, टोल प्लाजा को तोड़कर रोड सीधा कराने, प्रियदर्शनीय परिसर, साक्षरता चौक, खुर्सीपार, जीआरपी कटिंग, मजार कटिंग में क्रस बैरियर बनाने, नेहरू नगर से कोसानाला तक सर्विस रोड डिवाईडर की ऊंचाई बढ़ाने जाने के सुझाव दिए है।

## खबर संक्षेप

### विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है भारत : जायसवाल



**डौंडीलोहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता व कुशल नेतृत्व में भारत विकासशील देश से विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है।इसी तारतम्य में सम्पूर्ण भारत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ सभी प्रदेशों में किया गया है। बालोद जिले में भी ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा से यात्रा का शुभारंभ किया गया है, तब से रोजाना चार पंचायतों में यह यात्रा पहुँच रही है। यात्रा में गाँव के सभी लोग पहुँच कर मोदी सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। यह बात केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक देवेन्द्र जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, किसान बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना सहित केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं से लोगों को अवगत कराना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जिन्हें इन योजनाओं का लाभ अभी नहीं मिल रहा है, वे शिविर में तत्काल आवेदन कर सकते हैं। श्री जायसवाल ने सभी लोगों से शिविर में शामिल होकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

### विधायक अनिला ने छत्तीसगढ़ी में ली शपथ

**डौंडीलोहारा।** डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया लगातार तीसरी बार जीत के साथ विधानसभा पहुंची हैं। उन्होंने मंगलवार को विधानसभा में छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ली। श्रीमती भेड़िया ने कहा कि भले ही हमारी सरकार नहीं है फिर भी क्षेत्र के विकास में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### पंथी प्रतियोगिता आज

**दुर्ग।** गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव योजना अंतर्गत अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोक कला यथा लोकगीत/लोक गायन/लोक नृत्य जैसे- पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी तथा अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों के पारंपरिक लोक वाद्य आदि में कलाकारों की प्रतिमा की पहचान करने एवं उन्हे पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 22 दिसंबर 2023 को 11 बजे बालक छात्रावास परिसर (मालवीय चौक) दुर्ग में आयोजित किया गया है। जिसकी प्रविष्टियां 21 दिसंबर 2023 शाम 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दुर्ग में प्रस्तुत कर सकते है।

### निधन

#### सोमन लाल साहू



**अंडा।** ग्राम अंडा के ईतवारी बाजारपारा निवासी सोमन लाल साहू 51 वर्ष का आकस्मिक निधन 20 दिसंबर को हो गया। कुछ दिनों से उनका स्वास्थ ठीक नही चल रहा था। वे रेखा साहू के पति व देवेन्द्र साहू के पिता व गोपाल साहू के भाई थे।

# सिवनी के पुराने पुल का नवनिर्माण होने से सैकड़ों पंछी हुए बेघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुल के नीचे है सैकड़ों पंछियों का घोंसला



कलेक्ट्रेट कार्यालय जाने के मार्ग में स्थित ग्राम सिवनी के पुल को नया बनाने के लिए तोड़ा जा रहा है। लेकिन इस पुल के टूटने के साथ कई पंछियों के आशियाने टूटने लगे हैं और वे बेघर होते दिख रही हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि यह पुल करीब 100 साल पुराना है, जिसमें न जाने कितने सालों से ये बया या अबाबील नाम की चिड़िया निवास करती आ रही है। यह चिड़िया पुल के नीचे मिट्टी से अपना घर बनाती है, जो अपने आप में कला है। किस प्रकार से ये मिट्टी लाती हैं और कैसे बनाती हैं यह कौतुहल का विषय है। क्योंकि इसी घर में वे अपने अंडे भी देती है और बच्चे बड़े होकर अन्य घरों का निर्माण करते हैं।

ग्रामीण प्रभु राम देवांगन ने बताया कि सुबह इस पुल के निकट से गुजरने पर चिड़ियों की चहचहाट से मन प्रसन्न हो जाता है। इससे सुखद आनंद की अनुभूति होती है। इसी तरह शाम को भी इनकी कलरव से दिन भर की थकान मिट जाती है। इन पंछियों के कोलाहल से प्रकृति के समीप होने का एहसास होता है। वर्तमान में पुल निर्माण के कारण इन पंछियों की चहचाहट कम होती जा रही है और उनको भी अपने आशियाना टूटने का दुख सता रहा है, इसीलिए वे किसी अन्य जगह अपने नए आशियाने बनाने में लगे हैं।

## ग्राम कुथरेल में शिव पुराण कथा जारी, कथावाचक ने बताई महाशिवरात्रि पर्व की महिमा

# जिस जगह मन लगे वही सबसे सर्वोत्तम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से शिव पुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के चौथे दिन कथा वाचक शांतिकुंज प्रतिनिधि रमेश कुमार दनि ने महाशिवरात्रि पर्व की कथा कही। उन्होंने कहा कि यह भक्त और ज्ञानी के मिलन एवं आत्मा का जागरण काल और भगवान का प्रकाट्य दिवस ही शिवरात्रि है। महाशिवरात्रि को आत्म ज्योर्तिलिंग भी कहते हैं, क्योंकि इसी दिन ब्रम्हा और विष्णु को आत्म बोध हुआ था।

■ कथावाचक ने बताई महाशिवरात्रि की कथा

कथा वाचक रमेश कुमार ने बताया कि ब्रह्मा और विष्णु दोनों की इस बात पर लड़ाई हो जाती है कि बड़ा मैं हूं। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ जाता है कि यह बात भगवान शंकर को पता चलती है। उसके बाद भगवान शंकर दोनों के बीच बृहद शिवलिंग के रूप में प्रकट होते हैं। भगवान शंकर दोनों को यह कहते हैं कि इस शिवलिंग की जो थाह लेकर आएगा, वह सबसे बड़ा देवता माना जाएगा। उसके बाद ब्रह्मा जी शिवलिंग के ऊपर तरफ चले जाते हैं और विष्णु भगवान शिवलिंग के नीचे तरफ जाते हैं। काफी दिनों के बाद जब विष्णु भगवान को शिवलिंग की थाह नहीं मिलती, तो उनको अफसोस होता है। वे वापस आकर भगवान शंकर से माफी मांग लेते हैं, कि भगवान मुझे क्षमा करें शिवलिंग की थाह मुझे नहीं मिली, लेकिन भगवान ब्रह्मा ऊपर जाते-जाते हैं और तभी एक फूल ऊपर से आते दिखता है जिसे पूछने पर पता चलता है कि उनको भी थाह नहीं पता। फूल ने बताया कि वह तो भगवान के माथे पर स्थित था, जो आप दोनों की लड़ाई से माथा चौड़ा हुआ, तो वह वहां से खिसककर नीचे लुढ़क गया और बहुत दिनों बाद आज यहां पहुंचा हूं। इस पर ब्रह्मा ने उनसे कहा कि भगवान शंकर से मैं कह दूंगा कि भगवान मैंने थाह पा ली है, तब आप भी हां कह देना। इस प्रकार झूठ बोलकर भगवान शंकर के पास पहुंचते हैं, लेकिन भगवान शंकर को सब पता रहता है जिसके बाद पुष्प और ब्रम्हा को श्राप दे दिया। इसी कारण पूरी दुनिया में भगवान ब्रह्मा का सिर्फ एक मंदिर पुष्कर में स्थित है।

श्री दनि जी ने कहा कि यजन कार्य के प्रमुख सूत्र देव पूजन संगति और दान है। जगह के संबंध में कथा वाचक ने बताया कि घर में कई तरह के रूम बनाए जाते हैं लेकिन हर घर में एक पूजा रूम रहता है जहां पर जाने से शांति मिलता है। लेकिन जिस जगह मन लगे वह सबसे सर्वोत्तम जगह कही जाती है। प्रति दिन प्रातः 9 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और दोपहर 01 बजे से शिव पुराण कथा प्रारंभ होती है। कल बुधवार को सति मोह एवं शिव पार्वती विवाह की कथा होगी।

# बाबा के सपनों को साकार करने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा : अनिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयंती समीप के ग्राम रायपुरा में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि विधायक अनिला भेड़िया थीं। विशेष अतिथि अनिल लोढ़ा, माधव गिरी जिला सदस्य, राजा राम तारम जिला सदस्य, हस्तीमल सांखला, नेतराम भांडेकर, गुलाब जैन, पोषण जोशी, मेघनाथ साहू, लोकनाथ निषाद, कान्हा टॉक, ताम्रध्वज गायकवाद, पृथ्वी पाल बारले, चैतराम बारले, ऋषि बर्मन, रवि प्रकाश बारले, लोकेश बारले, भुवन लाल, धन्नसाय रोवत, देवल ठाकुर, महादास जोशी, बुटू राम, रवि प्रकाश बारले थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिला भेड़िया ने गुरु घासीदास बाबा का बखान करते हुए बाबा के बताए मार्ग चलने के लिए एवं सत्य के मार्ग में चलने के लिए बताते हुए सभी ग्रामवासियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान के अपने प्रेरक संदेश के जरिए लोगों में स्वाभिमान जगाया और देश-दुनिया को मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने सरल सहज भाषा में अपने विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों में समता मूलक समाज निर्माण की परिकल्पना की गई है, जिसे साकार करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा।

■ ग्राम रायपुरा में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई गुरु

## शासकीय प्राथमिक शाला गांधी भांठा अण्डा में लगा बाल मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शासकीय प्राथमिक शाला गांधी भाठा अण्डा में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस अवसरपर बच्चों ने अपने पालकों के सहयोग व्यंजन बनाकर स्टॉल लगाए। शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा बच्चों में दैनिक व्यवहार की बातें जैसे क्रय-विक्रय, लाभ-हानि, मुद्रा, व्यापार में आपसी सहयोग सीखें। भोज्य पदार्थ के निर्माण में आवश्यक अन्य पदार्थ की उपलब्धता और निर्माण प्रक्रिया की जानकारी हासिल किये। बच्चों के द्वारा मैदा करेला, चायनिज पकोड़ा, भेल, गुपचुप, चाट, खीर, चाऊमीन फल के साथ मनोरंजक खेल का स्टाल लगाए। बाल मेला में बच्चों ने स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए डस्टबीन भी रखा था। बच्चे अपने बीच अपने पालकों की उपस्थिति से उत्साहित हुए। बाल मेला में चन्द्रहास साहू प्रधान पाठक, प्रवेश देवांगन समन्वयक, पेमिन नागवंशी सहायक शिक्षक, प्रेमीन चन्द्राकर, डीपी चन्द्राकर, ज्वाला सिंह बघेल, जामवंत साहू, संतोष पाटिल, मेघराज देशमुख, सुमन देशमुख, लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर, प्रदीप सिन्हा, ओमप्रकाश सोनी, महेश्वरी साहू, सीता साहू, मोनिका साहू, कुसुमलता यादव, वेदप्रकाश, जीतकुमार, पुष्पांजली साहू, विषुराम के साथ पालकों ने बाल मेला के व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया।

## फुंडा में मनाई गई गुरू घासीदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम फुंडा में सामाजिक लोगों द्वारा गुरू घासीदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में जैतखाम में ध्वजारोहण के साथ मंगल आरती की गई। कार्यक्रम में महाप्रसादी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, संतराम चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत बोरगहन नरेश साहू, सुनील चंद्राकर, गुमान साहू, हिमेंद्र साहू, बिसाहू राम चंद्राकर, दुलार ठाकुर, जगदीश सार्वा, वासुदेव चंद्राकर, कुलेश्वर चंद्राकर, थानसिंग साहू, बेनीराम चंद्राकर आदि थे। इस अवसर पर पंथी पार्टी की मनमोहक प्रस्तुति के साथ रात्रिकालीन में रिकार्डिंग डांस परिवार ग्राम पेंड्री की प्रस्तुति हुई। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के अनुयायी पूरे देश में है, गुरू घासीदास बाबा सिर्फ सतनामी समाज के नहीं बल्कि हर जाति धर्म के लोग उनके अनुयायी है। हमारे देश को सत्य के मार्ग पर ले जाने का काम करने वाले संतों में गुरु घासीदास का नाम सबसे पहले आता है। सरपंच संतराम चंद्राकर ने कहा कि गुरु घासीदास का मुख्य संदेश था मनखे मनखे एक समान जिसके उद्देश्य को लेकर पूरा सतनामी समाज लेकर चल रहा है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

### गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव के लिए आवेदन 21 तक

**बालोद।** गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना नियम वर्ष 2005 अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के पारंपरिक लोककला, लोकगीत, लोकगायन, लोकनृत्य की पहचान दिलाने एवं पुरस्कृत कर उनकी प्रतिभा का विकास कर उन्हें प्रोत्साहित करने उद्देश्य से गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव वर्ष 2023–24 कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम का आयोजन कराया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बालोद ने बताया कि इसके लिए कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास संयुक्त जिला कार्यालय के बालोद के कक्ष क्रमांक 77 में 21 दिसम्बर तक कार्यालयीन समय में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

**खबर संक्षेप**



### फसल बीमा योजना रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

**बालोद**। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि इस रथ के माध्यम से बालोद जिले के किसानों को पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की जायेगी। यह रथ निर्धारित रूट–चार्ट के प्लान के आधार पर संपूर्ण जिले का भ्रमण करेगी। इस दौरान सहायक संचालक उद्यानिकी आकांक्षा सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आज इन गांवों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**बालोद**। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत गुरूवार 21 दिसम्बर को बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा में सुबह 10 बजे एवं ग्राम खैरतराई में दोपहर 02.30 बजे तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम महराजपुर में सुबह 10 बजे एवं ग्राम गिधवा में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। शिविर में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी की जयंती

**बालोद**। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर सोमवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। राज्य शासन के निर्देशानुसार इस अवसर पर 25 दिसंबर के पूर्व नगरीय निकायों में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ–सफाई, आवश्यक मरम्मत आदि कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान नगरीय निकायों में स्वच्छता अभियान 25 दिसंबर से प्रारंभ कर आगामी एक सप्ताह नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 दिसंबर को निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में सुबह 10 बजे अटल चौक में कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। सुशासन दिवस के अवसर पर अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर मल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलन के बाद उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा नगरीय निकायों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया जाएगा। नगरीय निकाय में स्व. वाजपेयी की कविता पाठ, अटल विचार सगोष्ठी, निबंध स्पर्धा आदि का आयोजन किया जाएगा। विशेष रूप से नगर निगमों में अटल की कविता पाठ का कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**योजना : बालोद व डौंडीलोहारा विकासखंड के गांवों में पहुंचा प्रशासन**

# केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम तरौद एवं खेरथाडीह और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम फुलसुंदरी एवं पिनकापार में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाए गए थे। स्टॉल में संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।



**किया गया सामग्री वितरण :** शिविर में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम तरौद में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 519 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 10 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 02 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम खेरथाडीह में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 625 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 07 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 03 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 01 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया।

### फुलसुंदरी में कई हितग्राही लाभान्वित

इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम फुलसुंदरी में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 51 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 08 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 20 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 11 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम पिनकापार में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 138 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 10 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 05 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया।

## श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम को शीघ्र मिलेगा वन अधिकार पट्टा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

बाल योगेश्वर संत श्री राम बालक दास ने मंगलवार को प्रतिनिधि मंडल के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री निवास पर श्री साय ने शाल व श्रीफल से संत राम बालक दास का स्वागत किया। इस दौरान बालक दास ने बताया विगत चार वर्षों से जिस तरह पाटेश्वर धाम को वन विभाग द्वारा तो कभी विभिन्न आसामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर तोड़ने की धमकी, आश्रम हटाने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह तभी थमेगा जब श्री पाटेश्वरधाम को स्थाई वन अधिकार पट्टा प्रदान किया जाएगा।

इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने 24 फरवरी माघी पूर्णिमा के अवसर पर पाटेश्वर धाम में आयोजित उत्सव में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार किया। संत श्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार और मोदी की गारंटी तभी सार्थक होगी जब संतों की सुरक्षा एवं मठ मंदिरों की सुरक्षा सरकार सुनिश्चित करेगी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे तत्काल इस दिशा में आदेश जारी करेंगे। इस अवसर पर पाटेश्वर सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष दाताराम साहू, महामंत्री मुन्नालाल, राजनांदगांव से महंत नरेंद्र दास, डौंडीलोहारा से देवलाल ठाकुर, जयेश ठाकुर एवं छुरिया से अजय पटेल भी उपस्थित थे।

## जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ. रेणुका श्रीवास्तव सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने संयुक्त जिला कार्यालय में 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत लगाए गए फ्लैक्स में हस्ताक्षर कर इसके लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

- कलेक्टर के साथ आला अफसरों ने फ्लैक्स में किए हस्ताक्षर कर जताई प्रतिबद्धता



ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा बालिकाओं के सम्पूर्ण कल्याण को ध्यान में रखते हुये प्रारंभ की गई महत्वाकांक्षी योजना 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं' योजना बालोद जिले में भी प्रारंभ की जा रही है। जिला स्तर पर इस योजना का शुभारंभ कलेक्टर कुलदीप शर्मा के द्वारा फ्लैक्स में हस्ताक्षर किया गया। योजना के तहत सम्पूर्ण जिले में हस्ताक्षर अभियान के तहत जिले कार्यालय में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें अधिकारियों द्वारा बालिकाओं के जन्म, शिक्षा तथा 18 वर्ष से अधिक की उम्र में विवाह आदि के संबंध में शपथ लेते हुये विशाल फ्लैक्स पर हस्ताक्षर किये गये।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के द्वारा समस्त उपस्थित अधिकारियों को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' को अभियान के रूप में सचांलित करने कहा। भारत सरकार द्वारा बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहन देने, बालिका भ्रूण हत्या को रोकने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से इस योजना को सम्पूर्ण देश में लागू किया गया है। इस योजना के संचालन तथा समीक्षा हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स तथा विकासखण्ड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में विकासखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरंपच एवं नगरीय क्षेत्रों में पार्षद के नेतृत्व में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान का संचालन किया जाएगा।

## युवाओं ने निकाली जागरूकता रैली स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय कचान्दुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत नाहंदा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। छठवें दिन जागरण रैली और योगा से दिन की शुरुआत हुई। उसके बाद परियोजना कार्य शासन द्वारा आदेशित तालाब सौंदर्यीकरण और साफ सफाई के लिए स्वयंसेवकों श्रमदान किया। उन्होंने जन जागरूकता रैली नशा उन्मूलन एवं अशिक्षा तत्पश्चात भोजन अवकाश बौद्धिक परिचर्चा सत्र में डॉ नीता बाजपेई राज्य संपर्क अधिकारी छत्तीसगढ़ शासन ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की बारीकियों से रूबरू होने का सौभाग्य मिला। निशा साहू द्वारा समाज में युवा कैसे होना चाहिए विकसित भारत में युवा कैसे होना चाहिए , इस संबंध में बताया। सुमन ध्रुव व्यवहार न्यायालय प्रथम वर्ग जिला बालोद कानून संबंधित जानकारी महिला सुरक्षा बालिका अधिकार साइबर क्राइम मोबाइल द्वारा होने वाले अपराध पर अपने विचार व्यक्त किया। युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा छात्र जीवन में रासेयो के महत्व को बताया।

- ग्राम पंचायत नाहंदा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर






### किसी समाज को जानना है,तो वहां के युवा को जानो : डॉ लीना

डॉ लीना साहू ने कहा कि किसी भी समाज को जानना है तो वहां के युवा को जानो। नशा मुक्त समाज में युवा का इन विषयों पर मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रोशनी साहू तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डीगेंद्र साहू ने किया। शाम को स्वयंसेवकों ने नरवा गरवा घुरवा बारी पर रैली का आयोजन किया। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम गजल एवं भजन संध्या निशा साहू अजय शुक्ला की प्रस्तुति रही। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख मंजू महेंद्र सोनकर काशी सोनकर महेंद्र धनकर सरपंच टिकेश्वर साहू डगनिया सरपंच कुलदीप साहू परसदा किशोर साहू उपसरपंच एवं समस्त पचगन वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज साहू कौशल गजेंद्र दलनायक लोकेश भारती तोशिका कुमकुम छाया कुणाल युगल विकास एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भिलाई समिति में 329 किसानों ने अब तक बेचा 12638.40 क्विंटल धान



**अंडा**। सेवा सहकारी समिति भिलाई 213 में सुचारु रूप से धान खरीदी की जा रही है, प्रभारी प्रबंधक हुकुम साहू ने जानकारी दी की अब तक समिति में कुल 329 किसानों द्वारा 12638.40 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें से 7780 क्विंटल धान परिवहन किया जा चुका है। समिति प्रभारी ने बताया की नोडल अधिकारी सुश्री कुसुम ठाकुर के समय-समय में दिए निर्देशानुसार धान खरीदी की जा रही है। खरीदी केंद्र में लगातार अधिकारी आते रहते है। दुर्ग हेड आफिस से आरके रामटेके, खाद्य विभाग से अपर कलेक्टर खाद्य अधिकारी संतोष, फ़ूड इंस्पेक्टर खेर जी, भिलाई नोडल हेमंत चौधरी, कृषि विभाग किशोर केलकर, शाखा प्रबंधक अर्जुन्दा आर.के आलेन्द्र, समिति प्रभारी का कहना है की उनके द्वारा लेटर दिया गया है की धान की खरीदी प्रतिदिन की लिमिट जो 1180 क्विंटल है, उसे 1600 किया जाए। ताकि समय में सभी चार गांव के किसान से धान खरीदी की जा सके।



## झलमला में शोभायात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**बालोद**। ग्राम झलमला में आयोजित भागवत कथा के पहले दिन मां गंगा मैया के पावन मंदिर से कलश यात्रा कथा स्थल तक निकाली गई। यात्रा में महिलाएं कलश सिर पर लेकर पैदल मां गंगा मैया के मंदिर से कथा स्थल तक गईं। इस दौरान डीजे की भक्ति धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस यात्रा में 151 महिलाएं और कन्याएं सिर पर कलश लेकर निकली थीं।







### आज मोहदीपाट स्कूल में वार्षिक उत्सव

**अंडा**। शासकीस विद्यालय प्रांगण मोहदीपाट में आज 14वां वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती के. लता वेणुगोपाल (प्राचार्य शा.उ. मा. वि. भिलाई) अध्यक्षता-श्रीमती सुशीला देवांगन (सरपंच ग्रा.पं. मोहदीपाट), संतोष देवांगन (अध्यक्ष एसएमडीसी), विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार साहू (पूर्व सरपंच ग्रा. पं. मोहदीपाट), हेमलाल विश्वकर्मा (सांसद प्रतिनिधि एसएमडीसी), उषा उइके (प्राचार्य शा.उ.मा.वि. जेवरतला), रहेंगे। वहीं कल समापन समापन समारोह में मुख्य अतिथि नीलम कौर (प्राचार्य सेजस अर्जुन्दा) अध्यक्षता अर्चना चौरे (प्राचार्य शा.उ.मा.वि. मोहदीपाट) विशिष्ट अतिथि नमिता दुबे (प्राचार्य शा.उ.मा.वि. खुरसुनी) खिलेश्वरी साहू (उपसरपंच ग्रा. पं. मोहदीपाट) हेमंत अमृत (पूर्व प्राचार्य शा.उ. मा. वि. मोहदीपाट) होंगे।

